# हरियाणा विधान सभा
# अधिवेशन

## नवम्बर 2024

## शोक प्रस्ताव

## शोक प्रस्ताव संख्या – 1

## श्री जसवंत सिंह, हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री

यह सदन हरियाणा के भूतपूर्व मंत्री श्री जसवंत सिंह के 26 जुलाई, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 17 सितम्बर, 1933 को हुआ। वे वर्ष 1967 तथा 1996 में हरियाणा विधानसभा के सदस्य चुने गये। वे वर्ष 1967 के दौरान उप–मंत्री तथा वर्ष 1997–2000 के दौरान मंत्री रहे। उन्हें मंत्रिमंडल में रहते हुए कृषि, बिजली, पशुपालन एवं डेयरी विकास, खाद्य एवं आपूर्ति, स्वास्थ्य तथा जन स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभालने का गौरव हासिल हुआ। वे हरियाणा राज्य लघु सिंचाई तथा नलकूप निगम के अध्यक्ष भी रहे। उनकी खेलों में विशेष रुचि थी।

उनके निधन से राज्य एक अनुभवी विधायक एवं कुशल प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

---------

## शोक प्रस्ताव संख्या – 2

## श्री भागी राम, हरियाणा के भूतपूर्व राज्य मंत्री

यह सदन हरियाणा के भूतपूर्व राज्य मंत्री श्री भागी राम के 13 अप्रैल, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 15 दिसम्बर, 1945 को हुआ। वे वर्ष 1977, 1982, 1987, 1996 तथा 2000 में पांच बार हरियाणा विधानसभा के सदस्य चुने गये। वे वर्ष 1990–91 के दौरान राज्य मंत्री रहे। उन्हें मंत्रिमंडल में रहते हुए जन स्वास्थ्य, समाज कल्याण तथा अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभालने का गौरव हासिल हुआ। वे वर्ष 1987–88 के दौरान संसदीय सचिव रहे। वे कान्फेड के चेयरमैन भी रहे। उन्होंने गरीब किसानों की दशा सुधारने के लिए विकासात्मक कार्यों में सक्रिय भाग लिया।

उनके निधन से राज्य एक अनुभवी विधायक एवं कुशल प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

---------

## शोक प्रस्ताव संख्या – 3

## श्री हरि सिंह सैनी, हरियाणा के भूतपूर्व राज्य मंत्री

यह सदन हरियाणा के भूतपूर्व राज्य मंत्री श्री हरि सिंह सैनी के 10 अप्रैल, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 4 अप्रैल, 1936 को हुआ। वे वर्ष 1987 में हरियाणा विधानसभा के सदस्य चुने गये। वे वर्ष 1988–89 के दौरान राज्य मंत्री रहे। उन्हें मंत्रिमंडल में रहते हुए नागरिक उड्डयन, पर्यावरण तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण विभाग संभालने का गौरव हासिल हुआ। वे समाज के गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों के कल्याण एवं उत्थान के लिए सदैव समर्पित रहे।

उनके निधन से राज्य एक योग्य विधायक एवं कुशल प्रशासक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

—————————

## शोक प्रस्ताव संख्या – 4

## श्री रणधीर सिंह, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य

यह सदन हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य श्री रणधीर सिंह के 8 जुलाई, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 10 जुलाई, 1936 को हुआ। वे वर्ष 1967 में हरियाणा विधानसभा के सदस्य चुने गये। वे एक निष्ठावान सामाजिक कार्यकर्ता थे।

उनके निधन से राज्य एक योग्य विधायक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

---------

## शोक प्रस्ताव संख्या – 5

## श्री नरेश यादव, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य

यह सदन हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य श्री नरेश यादव के 5 नवम्बर, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म पहली फरवरी, 1963 को हुआ। वे वर्ष 2005 में हरियाणा विधानसभा के सदस्य चुने गये। वे एक निष्ठावान सामाजिक कार्यकर्ता थे।

उनके निधन से राज्य एक योग्य विधायक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

---------

## शोक प्रस्ताव संख्या – 6

## श्री सुभाष चौधरी, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य

यह सदन हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य श्री सुभाष चौधरी के 17 सितम्बर, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म पहली अप्रैल, 1952 को हुआ। वे वर्ष 2009 में हरियाणा विधानसभा के सदस्य चुने गये। वे हमेशा गरीब विद्यार्थियों तथा गरीब परिवारों की सहायता के लिए तत्पर रहते थे।

उनके निधन से राज्य एक योग्य विधायक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

---------

## शोक प्रस्ताव संख्या – 7

## श्री राकेश दौलताबाद, हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य

यह सदन हरियाणा विधानसभा के भूतपूर्व सदस्य श्री राकेश दौलताबाद के 25 मई, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

उनका जन्म 17 मार्च, 1980 को हुआ। वे वर्ष 2019 में हरियाणा विधानसभा के सदस्य चुने गये। वे एक निष्ठावान सामाजिक कार्यकर्ता थे।

उनके निधन से राज्य एक योग्य विधायक की सेवाओं से वंचित हो गया है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

---------

## शोक प्रस्ताव संख्या – 8

## पद्म विभूषण श्री रतन नवल टाटा

यह सदन पद्म विभूषण श्री रतन नवल टाटा के 9 अक्तूबर, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

श्री रतन नवल टाटा का जन्म 28 दिसम्बर, 1937 को हुआ। वे भारत के उद्योग एवं व्यवसाय जगत के एक दिग्गज व्यक्तित्व थे। इनके अतुलनीय योगदान ने, न केवल टाटा समूह को, बल्कि हमारे राष्ट्र के ढांचे को संवारा। उनके नेतृत्व में टाटा समूह ने उत्कृष्टता, अखंडता और नवाचार के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ वैश्विक स्तर पर अपनी अनूठी पहचान बनाई। उन्होंने अपने नैतिक सिद्धांतों के प्रति सच्चे रहते हुए अपने वैश्विक पदचिन्हों का विस्तार किया। परोपकार और समाज के विकास के प्रति श्री रतन टाटा के समर्पण ने लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र तक, उनकी हर पहल ने एक गहरा प्रभाव छोड़ा है, जो आने वाली पीढ़ियों को लाभान्वित करेगा।

उनकी अतुल्य सेवाओं के लिए उन्हें वर्ष 2000 में पद्म भूषण तथा 2008 में पद्म विभूषण जैसे सर्वोच्च सम्मानों से अलंकृत किया गया।

श्री रतन नवल टाटा का निधन न केवल भारतीय समाज वरन वैश्विक व्यापार जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है। यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

_________

## शोक प्रस्ताव संख्या – 9

## श्री हरि सिंह, स्वतंत्रता सेनानी

यह सदन जिला रेवाड़ी के गांव भुरथला के स्वतंत्रता सेनानी श्री हरि सिंह के 15 सितम्बर, 2024 को हुए दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

यह सदन दिवंगत के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

---------

## शोक प्रस्ताव संख्या – 10

## हरियाणा के शहीद

यह सदन प्रदेश के उन वीर सैनिकों को अपना अश्रुपूर्ण नमन करता है, जिन्होंने मातृभूमि की एकता और अखण्डता की रक्षा के लिए अदम्य साहस और वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

इन वीर सैनिकों के नाम इस प्रकार हैं :

1. सूबेदार मेजर अनिल कुमार, गांव भोंडसी, जिला गुरुग्राम।
2. निरीक्षक कुलदीप कुमार, गांव निडानी, जिला जींद।
3. सहायक उप निरीक्षक सत्यवान सिंह, गांव गुढ़ा, जिला झज्जर।
4. सूबेदार अजीत, गांव बढ़खालसा, जिला सोनीपत।
5. सूबेदार सतपाल यादव, गांव सुंदरहेटी, जिला झज्जर।
6. नायब सूबेदार मंजीत, गांव हांसावाला, जिला फतेहाबाद।
7. हवलदार सुधीर पानू, गांव थुराना, जिला हिसार।
8. हवलदार मोहित, गांव गद्दी खेड़ी, जिला रोहतक।,
9. हवलदार मंजीत, गांव दूबलधन, जिला झज्जर।
10. हवलदार सुरेन्द्र कुमार, गांव दूबलधन, जिला झज्जर।
11. हवलदार राजकुमार, गांव सुलचानी, जिला हिसार।
12. हवलदार रामबीर शर्मा, गांव अचिना, जिला चरखी दादरी।
13. हवलदार निशांत, गांव कलिंगा, जिला भिवानी।
14. हवलदार सुंदर लाल, गांव बामनी खेड़ा, जिला पलवल।

15. हवलदार संदीप यादव, गांव सिरसा घोघड़ा, जिला भिवानी।
16. हवलदार बलजिंद्र सिंह, गांव सोंहासड़ा, जिला भिवानी।
17. हवलदार संजीत कुमार, गांव राठीवास, जिला गुरुग्राम।
18. हवलदार प्रवेश कुमार, गांव दौंगड़ा अहीर, जिला महेन्द्रगढ़।
19. कारपोरल प्रवीण दहिया, गांव तिहाड़ कलां, जिला सोनीपत।
20. राइफलमैन जीवन सिंह, गांव रोहण, जिला सिरसा।
21. नायक बिजेन्द्र सिंह, गांव बड़ाला, जिला हिसार।
22. नायक गुरसेव, गांव मेघा माजरा, जिला कुरुक्षेत्र।
23. नायक गुरप्रीत सिंह, गांव शेरपुर, जिला अम्बाला।
24. लांस नायक प्रदीप नैन, गांव जाजनवाला, जिला जींद।
25. लांस नायक महेन्द्र सिंह, गांव लावन, जिला महेन्द्रगढ़।
26. एयर क्रू कर्ण सिंह, गांव डावला, जिला झज्जर।
27. सी पी एल गिरिराज, गांव बारड़ा, जिला महेन्द्रगढ़।
28. सिपाही रसीदखान, गांव दौचाना, जिला महेन्द्रगढ़।
29. सिपाही हरीश, गांव जहांगीरपुर, जिला झज्जर।
30. सिपाही नरेन्द्र सिंह, गांव सुलतानपुर, जिला हिसार।
31. सिपाही नरेन्द्र, गांव बैरावास, जिला महेन्द्रगढ़।
32. सिपाही प्रवीण कुमार, गांव झुम्बा कलां, जिला भिवानी।
33. सिपाही सोनू ढाका, गांव भूथन कलां, जिला फतेहाबाद।
34. सिपाही अनिल कुमार, गांव कंवारी, जिला हिसार।

35. सिपाही सतपाल सिंह, गांव कुतुबपुर, जिला हिसार।

36. सिपाही अमरदीप सिंह, गांव कौथ कलां, जिला हिसार।

37. सिपाही प्रवीण कुमार, गांव काब्रछा, जिला जींद।

38. सिपाही मुंशी राम, गांव गुर्जर माजरी, जिला रेवाड़ी।

39. सिपाही विकास राघव, गांव दोहला, जिला गुरुग्राम।

40. सिपाही विकास चौहान, गांव तंदवाल, जिला अंबाला।

41. सिपाही कुलबीर, गांव बवानियां, जिला महेन्द्रगढ़।

42. सिपाही अजीत सिंह, गांव सिवाड़ी, जिला गुरुग्राम।

43. सिपाही सत्यदेव, गांव बेरी, जिला महेन्द्रगढ़।

44. सिपाही मंजीत यादव, गांव राता कलां, जिला महेन्द्रगढ़।

45. सिपाही रामनिवास, गांव बिहाली, जिला महेन्द्रगढ़।

46. सिपाही अमन कुमार, अम्बाला कैंट, जिला अम्बाला।

यह सदन इन वीरों की शहादत पर शत्–शत् नमन करता है और शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

———————

## शोक प्रस्ताव संख्या – 11

## स्कूल वैन दुर्घटना

यह सदन 11 अप्रैल, 2024 को महेन्द्रगढ़ जिले के कनीना के गांव उन्हानी के पास स्कूल बस के पलटने से मारे गए 6 मासूम एवं निर्दोष बच्चों के दुःखद एवं असामयिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है। इस हृदय विदारक घटना ने समाज को झकझोर कर रख दिया। इन अबोध बच्चों के निधन से जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई कर पाना नितांत असम्भव है।

यह सदन दिवंगतों के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

---------

## शोक प्रस्ताव संख्या – 12

यह सदन

केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल के भतीजे, **श्री वैभव खट्टर;**

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिढा के ससुर, **श्री मक्खन लाल पाहवा;**

विधायक श्री ओम प्रकाश यादव के पिता, **श्री शादीलाल यादव** तथा **बेटे श्री उमेश कुमार;**

तथा

विधायक श्री राम करण की माता **श्रीमती करमों देवी** तथा भाई **श्री रामेश्वर कुमार;** के दुःखद निधन पर गहरा शोक प्रकट करता है।

यह सदन दिवंगतों के शोक–संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रकट करता है।

_________

11399—D.I.P.R.—H.G.P., Pkl.